# शाहपुरा जिले की बहाली की मांग, एक वर्ष पांच माह से आंदोलन जारी

## जिला बहाल करो संघर्ष समिति ने बाहरवां स्मरण पत्र एसडीएम को सौंपा

**शाहपुरा, (निसं)।** जिला बहाल करो संघर्ष समिति द्वारा शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देकर जिला बहाल करने की मांग का आंदोलन एक वर्ष पांच माह बीत जाने के बाद भी निरंतर जारी है। जिला बहाल करो संघर्ष समिति महासचिव एडवोकेट कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि ब्लैक डे 28 मई को ईद का राजकीय अवकाश होने से 29 मई उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर संघर्ष समिति सदस्यों, अधिवक्ताओं एवं आमजन ने शांतिपूर्ण शाहपुरा जिला बहाल करो के नारे लगाकर नारेबाजी प्रदर्शन करते हुये शाहपुरा जिले की बहाली की मांग का बाहरवां स्मरण पत्र शाहपुरा जिला बहाल करो संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा, संयोजक रामप्रसाद के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी शाहपुरा को मुख्यमंत्री के नाम दिया गया और शाहपुरा को वापस जिला बनाने का किया वादा याद दिलाया।



**जिला बहाल करो संघर्ष समिति के सदस्य उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने पहुंचे**

- **एक वर्ष पूर्व में जिला संघर्ष समिति और मुख्यमंत्री की जयपुर में शाहपुरा विधायक की मौजूदगी में वार्ता हुई और शाहपुरा को वापस जिला बनाने का आश्वासन मिला था**

गौरतलब है कि 28 दिसंबर 2024 को शाहपुरा का जिले का दर्जा समाप्त होने के बाद से ही शाहपुरा की जनता प्रतिमाह की 28 तारीख को ब्लैक डे मनाती है। संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने कहा कि एक वर्ष पूर्व में जिला संघर्ष समिति और मुख्यमंत्री की जयपुर में शाहपुरा विधायक की मौजूदगी में वार्ता हुई और शाहपुरा को वापस जिला बनाने का सकारात्मक आश्वासन मिला था, परन्तु सरकार ने बारह महिने बीतने के बाद भी शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा नहीं दिया, जिससे आमजन में आक्रोश है। जब तक शाहपुरा को वापस जिले दर्जा नहीं मिल जाता आंदोलन अनवरत जारी रहेगा, जरूरत पड़ने पर आंदोलन को प्रभावी बनाया जाएगा।

संयोजक रामप्रसाद जाट ने कहा कि सरकार शीघ्र शाहपुरा की जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा प्रदान करें। इस मौके पर जिला बहाल करो संघर्ष समिति सहसंयोजक सूर्यप्रकाश ओझा, संरक्षक सत्यनारायण पाठक, हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा, राजेन्द्र पाण्डे, प्रॉपर्टी एसोसिएशन अध्यक्ष अजय मेहता, उपाध्यक्ष रामेश्वर लाल सोलंकी, कोषाध्यक्ष उदय लाल बैरवा, सह कोषाध्यक्ष प्रवीण पारीक, सहसचिव नूर मोहम्मद रंगरेज उर्फ छोटू, संघर्ष समिति सदस्य रामेश्वर लाल धाकड़, रमेशचंद्र मालू, मदनलाल कंडारा, सुनील मिश्रा, महावीर कुमावत, जगदीशचंद्र जाट, रामचंद्र नायक, रामरतन धाकड़, शंकर लाल खटीक, सुनील पाराशर, अरुण राव, राजू, अभय गुर्जर, वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकचंद नौलखा, अनिल शर्मा अधिवक्ता नमन ओझा, अंकित शर्मा, वीरेंद्र पत्रिया, राहुल पारीक, मधुसूदन शर्मा, अखिल व्यास, निखिल व्यास, सहित कई सदस्य एवं शाहपुरा के आमजन मौजूद रहे।

# मजदूरी के दौरान टूटे हाथ-पैर, एसपी से न्याय की गुहार

- **आरोप है कि हादसे के बाद मकान मालिक और ठेकेदार ने इलाज कराना तो दूर, सुध तक नहीं ली**
- **स्थानीय पुलिस द्वारा भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से आहत पीड़ित परिवार अब दर-दर भटकने को मजबूर है**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करते समय हादसे का शिकार हुए एक बेबस मजदूर के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हादसे में गंभीर रूप से घायल मजदूर के भाई ने शुक्रवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि हादसे के बाद मकान मालिक और ठेकेदार ने इलाज कराना तो दूर, सुध तक नहीं ली। वहीं, स्थानीय पुलिस द्वारा भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से आहत पीड़ित परिवार अब दर-दर भटकने को मजबूर है।

मामला शहर की संजय कॉलोनी का है। पीड़ित गोपाल बावरी ने बताया कि उसका भाई एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में मजदूरी का काम करता था। कुछ समय पहले काम के दौरान हुए एक दर्दनाक हादसे में उसके भाई के हाथ और पैर बुरी तरह टूट गए थे। हालत इतनी बिगड़ चुकी है कि अब उसके चलने-फिरने की क्षमता पूरी तरह खत्म हो गई है। इलाज कर रहे डॉक्टरों ने भी अब हाथ खड़े कर दिए हैं और संक्रमण बढ़ने के कारण पैर काटने तक की नौबत आ गई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उन्होंने हादसे के तुरंत बाद ठेकेदार और मकान मालिक को इसकी जानकारी दी और इलाज में आर्थिक सहयोग की गुहार लगाई, लेकिन दोनों ने साफ तौर पर मदद करने से इनकार कर दिया। गोपाल बावरी के अनुसार, इस अमानवीय व्यवहार को लेकर उन्होंने सुभाष नगर थाने में नामजद रिपोर्ट भी दर्ज करवाई थी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया और अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। एसपी को सौंपे गए ज्ञापन में गोपाल बावरी ने रोते हुए बताया कि उसका घायल भाई ही पूरे परिवार में इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसके बिस्तर पर आ जाने से अब पूरे परिवार के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। दोषी ठेकेदार और बिल्डिंग मालिक के खिलाफ तुरंत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। ठेकेदार और मालिक से घायल मजदूर का उचित और पूरा इलाज करवाया जाए, ताकि परिवार को उसका हक और न्याय मिल सके।

# बयाना में हथियार दिखाकर गैस एजेंसी के डिलीवरी बॉय से लूट

## वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए

**बयाना/भरतपुर, (निसं)।** बयाना सदर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात बाइक सवार दो बदमाशों ने गैस एजेंसी के डिलीवरी बॉय को कट्टा (हथियार) दिखाकर 35 हजार रुपए नकद और जरूरी दस्तावेजों से भरा बैग लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गढ़ीबाजना थाना क्षेत्र के गांव नगला तीर निवासी मेघसिंह गुर्जर की निठार गांव में इंडेन गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी है। गुरुवार रात करीब 8 बजे एजेंसी का डिलीवरी बॉय सोनू प्रजापत पिकअप वाहन से गांव महरावर में गैस सिलेंडर वितरित कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान ध्वजा मोरौली और जसपुरा मोरौली मार्ग के बीच बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों की पहचान जयसिंहपुरा निवासी योगेश उर्फ खतरा गुर्जर और चीखरू निवासी सुरेंद्र उर्फ बबला गुर्जर के रूप में हुई है। आरोप है कि योगेश ने बाइक आगे लगाकर रास्ता रोका, जबकि सुरेंद्र ने सोनू की गर्दन पर देशी कट्टा तान दिया। इसके बाद दोनों आरोपी गैस बिक्री के 35 हजार रुपए, डीएसी डिलीवरी रजिस्टर और कैश मेमो से भरा बैग छीनकर जसपुरा मोरौली की ओर फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पीड़ित मेघसिंह ने पुलिस को बताया कि आरोपी सुरेंद्र उर्फ बबला गुर्जर बयाना सदर थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ भरतपुर, करौली और दौसा समेत कई जिलों में लूट, चोरी, मारपीट और जानलेवा हमले के करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# जसोल माता के दर्शन कर लौट रहे पांच दोस्त हादसे का शिकार, दो की मौत

- **पुलिस पर गाड़ी को जानबूझकर टक्कर मारने का आरोप, परिजनों ने मोर्चरी के बाहर धरना-प्रदर्शन किया**

**जोधपुर, (कासं)।** जसोल माता के दर्शन कर लौट रहे जोधपुर के पांच युवाओं का आरोप है कि 24 मई को बालोतरा जिले के कल्याणपुर के पास पुलिस की गाड़ी ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी थी। इससे युवक घायल हो गए, इनमें से घायल दो युवक वैभव भाटी व विजय सिंह चारण की गुरुवार रात को उपचार के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार सुबह बड़ी संख्या में लोग एमडीएम अस्पताल में जमा हो गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

घटना की जांच कर रहे बालोतरा जिले के मंडली थानाधिकारी किरण कुमार भी एमडीएम अस्पताल पहुंचे, लेकिन वे इस मामले को लेकर सवालों से बचते नजर आए। उन्होंने बताया कि परिजन का आरोप है कि पुलिस वाहन ने टक्कर मारी है, इसकी जांच कर रहे हैं। परिजन पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। देर शाम तक पोस्टमार्टम नहीं हुआ था। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की गाड़ी ने युवकों की गाड़ी को जानबूझ कर टक्कर मारी थी। परिजनों की मांग है कि आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

एक परिजन ने बताया कि वैभव और विजय अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ जसोल माता के दर्शन करने गए थे। उनके पास गुजरात नंबर की थार गाड़ी थी। वापस आते समय उनके सामने से पुलिस की गाड़ी आ रही थी, जिसकी गति तेज थी। आरोप है कि थार चला रहे वैभव ने बचने का प्रयास किया फिर भी पुलिस की गाड़ी ने टक्कर मार दी। इसके बाद पुलिस गाड़ी वापस आई और फिर टक्कर मारी। इससे गाड़ी के सनरूफ से दो युवक बाहर उछल कर गिर गए, जबकि तीन अंदर दब गए। इनमें एक घायल को छुट्टी मिलने के बाद कल ही उसने पूरा घटनाक्रम बताया। इतना ही नहीं जब पुलिस वाले घायल अवस्था में सभी को बालोतरा लेकर गए तो रास्ते में गलत सूचना मिलने की बात कर रहे थे। इसके बाद उन्हें एमडीएम भेजा गया। यहां वैभव भाटी व विजय सिंह चारण की गुरुवार रात को उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद आज मोर्चरी के बाहर आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया।

# ऑनलाइन सट्टा खेलते पांच जने गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** भीण्डर थानाधिकारी मुकेश चन्द्र ने कार्यवाही करते हुए मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर मदनपुरा गांव में हिस्ट्रीशिटर अरविन्द्र सिंह पाटिया के फार्म हाउस पर दबिश देकर अरविन्द्रसिंह पाटिया पुत्र भेरूसिंह, अंकित पुत्र भंवरलाल लौहार निवासी खेताखेड़ा, सूर्यप्रतापसिंह पुत्र शिवसिंह निवासी बापुनरग भीलवाड़ा, रमेशसिंह पुत्र नरपतसिंह मेघवाल निवासी केरिया चितलवाना जालौर, कमलेन्द्रगिरी पुत्र नक्ष्पात्रगिरी गोस्वामी निवासी भीण्डर को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

वहीं कुराबड़ थाना पुलिस ने चोरी के मामले में चार वर्ष से फरार पांच हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। पीड़ित राकेश जारोली ने रिपोर्ट दी कि मेरी बंबोरा कस्बे में सोने चांदी की दुकान है। 30 दिसंबर 2021 को में दुकान बंद घर चला गया। रात में अज्ञात चोर ताला तोड़ कर सोने-चांदी के जेवरात चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर कुराबड़ थानाधिकारी तेजुसिंह मय टीम एवं बेगु पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए मामले में फरार आरोपी प्रकाश पुत्र नरसिंग कंजर निवासी मेघ जिला चित्तौड़गढ को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ 20 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। मामले में प्रकरण दमें शिवलाल, सुलेन्द्र कंजर व कालु लाल कंजर को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका था। प्रकाश कंजर, शैतान कंजर व पप्पुलाल कंजर फरार थे।

# आगजनी की झूठी घटना का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

## 80 लाख रुपये मूल्य का 2255 कार्टन कॉस्मेटिक सामान बरामद किया

- **चालक एवं वाहन स्वामी ने मिलीभगत कर अधिकांश माल खुर्द-बुर्द किया था**

**खेतड़ी, (निसं)।** पुलिस थाना खेतड़ी नगर ने एक बड़ी और सुनियोजित आपराधिक साजिश का पर्दाफाश करते हुए षड्यंत्र रचकर धोखाधड़ी से माल खुर्द-बुर्द कर आगजनी की झूठी घटना दर्शाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 80 लाख रूपये मूल्य का 2255 कार्टन कॉस्मेटिक सामान भी बरामद किया है।

प्रकरण में परिवादी सर्वेश कुमार राय, मैनेजर वेस्टर्न केरियर्स (इंडिया) लिमिटेड, कोलकाता ने रिपोर्ट दी कि कंटेनर में 12 मई को असम के डुमडुमा से हिंदुस्तान यूनिलीवर का लगभग 96 लाख रुपये मूल्य का कॉस्मेटिक माल लोड कर वापी (गुजरात) के लिए रवाना किया था, परंतु वाहन निर्धारित मार्ग से न जाकर झुंझुनूं जिले में पहुंचा, जहां चालक करण सिंह एवं वाहन स्वामी राजकुमार ने मिलीभगत कर अधिकांश माल को खुर्द-बुर्द कर दिया तथा मात्र नाममात्र का माल रखकर जसरापुर के पास वाहन में आग लगाकर उसे जलाने की झूठी व बनावटी घटना रच दी, ताकि साक्ष्य नष्ट किए जा सके। इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को दस्तयाब किया और बाद में गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ एवं अनुसंधान के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया पूरा माल बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी करण सिंह पुत्र मामचन्द, निवासी बडली की ढाणी, थाना ततारपुर, जिला खैरथल, राजकुमार पुत्र धर्मपाल जाट, निवासी लोयल, थाना खेतड़ी नगर शामिल है।

# उदयपुर के होटल से नकदी व जेवरात चोरी

**उदयपुर, (निसं)।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने दंपती सहित तीन आरोपियों के खिलाफ होटल से नकदी सामान चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित हेमंत सिंह पुत्र चेतनसिंह निवासी सूर्यगढ विला देबारी प्रतापनगर ने कल्पेश कुमार उसकी पत्नी प्रियंका तथा साथी दिनेश को एक माह पूर्व होटल में नौकरी पर रखा था। 28 मई को उसे फोन कर ग्राहकों के संबंध में जानकारी दी। इस पर कुछ समय बाद होटल लौटा तो तीनों आरोपी नहीं मिले तथा तलाशी ली तो गल्ले से 1 लाख 87 हजार रूपये नकद, चांदी का ब्रेसलेट व लैपटॉप नहीं मिला। इस पर संपर्क का प्रयास किया लेकिन आरोपियों को कोई सुराग नहीं लगा। वहीं शहर के धानमण्डी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उधार दी गई नकदी हड़पने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित मुजफ्फर खान पुत्र अहमद खां निवासी छतरी वाला चौक धोलीबावड़ी ने अवाड़ा चौक धोली बावड़ी निवासी खुबीलाल सालवी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि आवश्यकता होने पर आरोपी को 5 लाख रूपये उधार दिए थे। बदले में चैक दिया जो फर्जी था।

**पानी में डूबे युवक का शव मिला :** उदयपुर शहर के घंटाघर थाना क्षैत्र दूधतलाई में युवक को शव पानी में होने की सूचना मिलने पर एएसआई धमेन्द्रसिंह ने मौके पर पहुंचकर सिविल डिफेंस टीम की मदद से मृतक को बाहर निकाल शिनाख्तगी नहीं होने पर शव को मोर्चरी में रखवाया।

# जेल में कारापाल के साथ अभद्रता, मामला दर्ज

**उदयपुर, (निसं)।** जेल में कारापाल के साथ अभद्रता करने वाले बंदी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सत्येन्द्र कुमार पुत्र लक्ष्मण निवसी नयावास बसेड़ी धोलपुर हॉल कारापाल केन्द्रीय कारागृह उदयपुर ने बंदी शशी भारती पुत्र रामा भारती के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने जेंल से स्थानान्तरण कराने की रिपोर्ट दी थी। 28 मई को जेल में ड्यूटी के दौरान इसको लेकर बातचीत करने के दौरान रिपोर्ट बुक का अवलोकन करने के दौरान आरोपी ने वर्दी खींच कर राजकार्य में बाधा की।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** प्रतापनगर थाना क्षैत्र में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मादड़ी से प्रतापनगर रोड़ पर टाटा शोरूम के सामने गुरूवार रात में डिवाईडर से बाइक टकराने पर घायल हुए लखपुरा पेंवार बिहार हाल भुवाणा (32) निवासी प्रीतम सिंह पुत्र सिकंदर सिंह को निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। प्रीतम सिंह मजदूरी करता था एवं रात में बाइक पर मादड़ी से प्रतापनगर की तरफ आ रहा था, जहां बीच रास्ते हादसा हो गया। इस पर एएसआई सुरजमल मीणा ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# आरएएस भर्ती-2024 : साक्षात्कार में युवाओं की सबसे अधिक भागीदारी

## 21 से 33 वर्ष आयु वर्ग के 80 प्रतिशत अभ्यर्थी पहुंचे इंटरव्यू तक, जयपुर रहा सबसे आगे

- **आयोग की ओर से 1096 पदों के लिए आयोजित इस भर्ती परीक्षा में प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा की कठिन प्रतिस्पर्धा पार कर 2397 अभ्यर्थी साक्षात्कार तक पहुंचे**

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आरएएस भर्ती परीक्षा-2024 का विस्तृत परिणाम विश्लेषण जारी किया गया है। आयोग की ओर से 1096 पदों के लिए आयोजित इस भर्ती परीक्षा में प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा की कठिन प्रतिस्पर्धा पार कर 2397 अभ्यर्थी साक्षात्कार तक पहुंचे। जारी आंकड़ों में अभ्यर्थियों की आयु, शैक्षिणक पृष्ठभूमि, जिलावार प्रतिनिधित्व तथा ग्रामीण-शहरी भागीदारी की स्थिति स्पष्ट की गई है।

साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों में राजधानी जयपुर का प्रतिनिधित्व सबसे अधिक रहा। कुल 2397 सफल अभ्यर्थियों में से 247 अभ्यर्थी जयपुर से थे, जो कुल संख्या का 10.30 प्रतिशत है। इसके अलावा जोधपुर से 114, बाड़मेर से 112 तथा बीकानेर और नागौर से 100-100 अभ्यर्थी साक्षात्कार तक पहुंचे। वहीं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ से भी 36 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की।

स्कूली शिक्षा के आधार पर जारी आंकड़ों के अनुसार साक्षात्कार तक पहुंचे अभ्यर्थियों में ग्रामीण पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों की संख्या अधिक रही। कुल सफल अभ्यर्थियों में 1255 यानी 52.36 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों से थे, जबकि 47.64 प्रतिशत अभ्यर्थी शहरी क्षेत्रों से संबंधित रहे। इसके साथ ही 56.03 प्रतिशत यानी 1343 अभ्यर्थी ऐसे रहे जो पहले से सरकारी या निजी सेवा में कार्यरत थे। आयोग के विश्लेषण के अनुसार इस भर्ती में युवाओं की भागीदारी सबसे अधिक रही।

कुल सफल अभ्यर्थियों में 1920 उम्मीदवार यानी 80.10 प्रतिशत की आयु 21 से 33 वर्ष के बीच रही। आयु वर्ग के अनुसार 21 से 25 वर्ष आयु वर्ग में 725 अभ्यर्थी, 26 से 30 वर्ष आयु वर्ग में सर्वाधिक 891 अभ्यर्थी तथा 31 से 33 वर्ष आयु वर्ग में 304 अभ्यर्थी शामिल रहे। इसके अलावा 34 से 40 वर्ष आयु वर्ग में 405, 41 से 45 वर्ष आयु वर्ग में 62 तथा 46 से 50 वर्ष आयु वर्ग में 10 अभ्यर्थी सफल हुए।

साक्षात्कार तक पहुंचे 1888 अभ्यर्थी स्नातक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण रहे। वहीं 39.60 प्रतिशत अभ्यर्थियों के पास स्नातकोत्तर डिग्री भी रही। विशेष रूप से 14 चिकित्सक, 15 विधि स्नातक एवं विधि परास्नातक, 10 प्रबंधन स्नातक तथा 238 इंजीनियर भी इस भर्ती में साक्षात्कार तक पहुंचे। उच्च शिक्षा के मामले में 87.86 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने राजस्थान के विभिन्न विश्वविद्यालयों से पढ़ाई की। इनमें राजस्थान विश्वविद्यालय से 573 तथा महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय से 205 अभ्यर्थी सफल रहे।

आरएएस भर्ती-2024 के लिए प्रारंभिक परीक्षा 2 फरवरी 2025 को आयोजित हुई थी, जिसका परिणाम 20 फरवरी 2025 को जारी किया गया। इसके बाद मुख्य परीक्षा 17 और 18 जून 2025 को हुई तथा परिणाम 8 अक्टूबर 2025 को घोषित किया गया। साक्षात्कार प्रक्रिया 1 दिसंबर 2025 से 17 अप्रैल 2026 तक चली और अंततः 18 अप्रैल 2026 को अंतिम परिणाम जारी किया गया, जिसमें कुल 2391 अभ्यर्थियों की वरीयता सूची जारी हुई।

# 'वन्दे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान' के तहत आमजन को जल की महत्ता बताई

**अलवर, (निसं)।** जिला कलैक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह ने रामगढ़ के ग्राम जुगरावर में 'वन्दे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान' के तहत आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर आमजन को जल संरक्षण हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण जागरूकता हेतु कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया व उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत ग्राम बगड़ राजपूत में जल संरक्षण के कार्यों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



**कलैक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह ने कलश यात्रा को रवाना किया।**

- **कलैक्टर एवं रामगढ़ विधायक ने लोगों को वर्षा जल की बूंद-बूंद के संरक्षण हेतु प्रोत्साहित किया**

जिला कलैक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन के अनुरूप बूंद-बूंद जल के संरक्षण हेतु आमजन की सहभागिता से 5 जून तक 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' का संचालन किया जा रहा है, जिसमें अंतर्गत सभी विभागों व आमजन के सहयोग से जल संरक्षण के उद्देश्य से जल स्त्रोतों, तालाबों, नहरों, बावड़ियों, झीलों की साफ-सफाई एवं उनका जीर्णोद्धार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में राजीविका समूहों से जुड़ी महिलाएं अपने घरों, विद्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर छोटे-छोटे जल स्ट्रक्चर निर्माण में सहभागिता निभाकर जल संरक्षण के इस अभियान से जुड़ी हैं। जल संरक्षण के इस पुनीत कार्य में जनप्रतिनिधिगण बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन की सहभागिता के साथ इस वर्ष भी अलवर जिला वंदे गंगा अभियान में अग्रणी भूमिका निभाकर जल संरक्षण की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा।

रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह ने कहा कि 'जल है तो कल है) इसी उद्देश्य को चरितार्थ करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आव्हान पर प्रदेश में संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान जन-जन का अभियान बना रहा है, जिसके तहत आमजन बढ़-चढ़ जन संरक्षण के प्रति ना केवल जागरूक हो रहे हैं, बल्कि जल संचयन कार्यों में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य से अधिकाधिक आमजन को जोड़कर जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार, बांधों का संरक्षण, जल संचयन एवं जल स्त्रोतों की साफ-सफाई का कार्य करना है, ताकि वर्षा ऋतु में बूंद-बूंद जल का संरक्षण हो सके।

इस दौरान जिला कलैक्टर एवं रामगढ़ विधायक ने ग्राम बगड़ राजपूत में जोहड़ कार्य, स्कूल खेल मैदान, रेनवाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का अवलोकन कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्षा जल की बूंद-बूंद का संचयन हो सके, इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कर आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यों को निर्धारित समयावधि में सम्पादित किया जावे। इस दौरान जिला परिषद सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज, बीडीओ विजय भाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।